# कभी राम बन के कभी श्याम बन के .......

कभी राम बन के कभी श्याम बन के,
चले आना प्रभुजी चले आना ।

तुम गणपति रूप में आना, रिद्धी–सिद्धी साथ लेके,
मोदक हाथ लेके, चले आना प्रभुजी चले आना ।। 1 ।।कभी राम .....
तुम सरस्वती रूप में आना, हंस साथ लेके,
वीणा हाथ लेके, चले आना प्रभुजी चले आना ।। 2 ।।कभी राम .....
तुम शिव के रूप में आना, गौरी साथ लेके,
डमरू हाथ लेके, चले आना प्रभुजी चले आना ।। 3 ।।कभी राम .....
तुम विष्णु रूप में आना, लक्ष्मी साथ लेके,
चक्र हाथ लेके, चले आना प्रभुजी चले आना ।। 4 ।।कभी राम .....
तुम ब्रह्मा रूप में आना, वेद हाथ लेके,
सरस्वती साथ लेके, चले आना प्रभुजी चले आना ।। 5 ।।कभी राम .....
तुम राम रूप में आना, सीता साथ लेके,
धनुष हाथ ले के । चले आना प्रभुजी चले आना ।। 6 ।।कभी राम .....
तुम श्याम रूप में आना, राधा साथ लेके,
मुरली हाथ लेके, चले आना प्रभुजी चले आना ।। 7 ।।कभी राम .....
तुम दुर्गा रूप में आना, सिंह साथ लेके,
त्रिशूल हाथ लेके, चले आना प्रभुजी चले आना ।। 8 ।।कभी राम .....
तुम हनुमत रूप में आना, संजीवनी साथ लेके,
गदा हाथ लेके, चले आना प्रभुजी चले आना ।। 9 ।।कभी राम .....